# लखनऊ विश्वविद्याल, लखनऊ।

पत्रांकः–
दिनांकः–

**प्रेस विज्ञप्ति**

लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2021–22 में अध्ययनरत/नव प्रवेशित/प्रवेश (प्रतिक्षारत छात्र/छात्रायें प्रवेश के उपरान्त) समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है किः–

- पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के जिन छात्र/छात्राओं के माता/पिता/अभिभावक की समस्त स्रोतो से सकल वार्षिक आय रूपया 2,00,000/– (रू0 दो लाख मात्र) तक है।

**तथा**

- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति (शासनादेश संख्या 138/2018/ 1381/26–टी–2018 दिनांक 18 मई, 2018) के ऐसे सभी छात्र/छात्राए जिनके माता/पिता/अभिभावक की समस्त स्रोतो से सकल वार्षिक आय रूपया 2,50,000/– (रू0 दो लाख पचास हजार मात्र) तक है,**उनको**,प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु वेबसाइट http://scholarship.up.nic.in पर **ऑन लाइन आवेदन दिनांक 20.07.2021 से 21.10.2021 तक करना अनिवार्य है।**

आवेदन फार्म भरने के पश्चात सभी संलग्नकों सहित सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष से अभिप्रमाणित करवा कर आवेदन फार्म के प्रिंट आउट की एक प्रति लखनऊ विश्वविद्यालय के सी0पी0एम0टी0 भवन में छात्रवृत्ति अनुभाग के काउन्टर पर जमा करना है। **उक्त निर्धारित तिथि** के उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं किया जायेगा जिसके लिये छात्र/छात्रायें स्वंय जिम्मेदार होंगे।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
**कुलसचिव**

संख्याः– R/478/21 **दिनांकः–** 15/07/2021

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने–अपने विभागों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने का कष्ट करें।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय के समस्त छात्रावासों एवं अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
4. निदेशक, आई0एम0एस0/इंजीनियरिंग संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित संस्थान/विभाग के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
5. समस्त निदेशक/समन्वयक, लखनऊ विश्वविद्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित संस्थान/विभाग के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करावाने का कष्ट करें।
6. इन्चार्ज, यू0डी0आर0सी0/वेबसाइट, लखनऊ विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
7. निदेशक, आई0पी0पी0 आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह प्रदेश के विभिन्न समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
8. कुलानुशासक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
9. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
10. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
11. परीक्षा नियंत्रक ल0वि0वि0।
12. समस्त सहायक/उप कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

Bmishra

(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव,छात्रवृत्ति